राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने श्रीकुलम शक्तिपीठ में ध्वज पताका फहरा कर उदघाटन किया

शक्तिपीठ में पूजा अर्चना कर देश–प्रदेश में खुशहाली की कामना की

जयपुर, 14 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार को कोटा में श्रीकुलम शक्तिपीठ में ध्वज पताका फहरा कर मंदिर का उद्घाटन किया तथा पूजा–अर्चना कर देश और प्रदेश में खुशहाली की कामना की।

राज्यपाल श्री मिश्र का श्रीकुलम शक्तिपीठ की पीठाधीश्वर माँ नीति अम्बा ने चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। काशी से आये विद्वान पंडितों ने पूजा–अर्चना सम्पन्न करवाई।

इससे पहले राज्यपाल श्री मिश्र के एक दिवसीय दौरे पर कोटा पहुंचने पर संभागीय आयुक्त श्री कैलाश चंद मीणा, पुलिस महानिरीक्षक श्री रविदत्त गौड़, जिला कलक्टर श्री उज्जवल राठौड़ सहित अधिकारियों एवं कोटा स्थित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने एयरपोर्ट पर उनकी अगवानी की।

———